150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

प्रेस विज्ञप्ति

29 नवंबर 2022

पीएफसी द्वारा दक्षिणी क्षेत्र राज्य यूटिलिटी (यों) सम्मेलन का आयोजन

पीएफसी ने हाल ही में **'गतिशील विनियामक परिवेश में पीएफसी के वित्तपोषण'** पर सांची, भोपाल में दक्षिणी क्षेत्र राज्य यूटिलिटी (यों) सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें दक्षिण क्षेत्र के 23 राज्य यूटिलिटी (यों) की भागीदारी थी। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया, जिनमें विशेष मुख्य सचिव, 10 राज्य यूटिलिटी (यों) के सीएमडी और एमडी तथा विभिन्न राज्य यूटिलिटी (यों) के निदेशक (वित्त) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। पीएफसी के सीएमडी, निदेशक (वित्त), निदेशक (परियोजना), पीएफसी और पीएफसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में भोपाल में बीएचईएल की अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा का तकनीकी दौरा भी शामिल था।

सम्मेलन ने पीएफसी और राज्य यूटिलिटी (यों) दोनों के लिए, विचारों का आदान-प्रदान करने और गतिशील कारोबारी माहौल को समझने के लिए एक मंच प्रदान किया ताकि विद्युत और अवसंरचना क्षेत्र के विकास के लिए एक साथ आगे बढ़ सकें।

हस्ता/-

(एस. एस. राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)